राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर

(Phone: 0141-2227481, 2227555, FAX: 2227602 Help Line No 2385877)

E-mail :rj-slsa@nic.in, rslsajp@gmail.com Website : www.rlsa.gov.in

क्रमांक :–रालसा/स्टोर/एफ 9/2019/ 14 दिनांकः– 27/03/2019

<u>सीमित निविदा</u>

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा प्रकाशित सामग्री यथा पुस्तकें, फोल्डर, कलैण्डर, बुकलेट, न्यूजलेटर एवं अन्य सामग्री को माननीय उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, समस्त राज्य प्राधिकरणों, समस्त उच्च न्यायालयों, राजस्थान के समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, विधिक सहायता सेवा समितियों एवं तालुका विधिक सेवा समितियों, अन्य विभागों, समाज सेवी संस्थाओं, विधिक सेवा कार्यक्रमों से जुड़ी इकाईयों तथा मीडिया इत्यादि को एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली से प्राप्त मुद्रित सामग्री एवं अन्य सामग्री को समस्त राजस्थान में कोरियर सेवा द्वारा भिजवाये जाने हेतु अधिकृत फर्मो से सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 11.04.2019 को दोपहर 02.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी, इसके पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा उसी तिथि को दोपहर 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय चैम्बर में विभागीय क्रय समिति के समक्ष एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त कार्य पर लगभग 1 लाख से 1.25 लाख रुपये वार्षिक व्यय होना सम्भावित है।

निविदा की शर्तेः–

1. निविदा में प्रेषित दरों के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का टैक्स देय हो तो निविदा में अलग से अंकित करें।
2. किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिम्मेदार नहीं होगा।
3. कार्य संतोषप्रद होने व उक्त सामग्री निश्चित स्थान पर पहुंचाकर रसीद विभाग को प्रेषित करने पर ही भुगतान देय होगा।
4. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के अलावा अन्य कोई भी शर्तें स्वीकार नही होगी।
5. भेजी जाने वाली सामग्री की डाक/पार्सल आदि कार्यालय से प्राप्त की जायेगी, जिसका अलग से कोई अतिरिक्त चार्ज देय नहीं होगा।
6. निविदा के साथ अधिकृत व्यवसायी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. आयकर व जी.एस.टी. यदि लागू होगा तो नियमानुसार बिल में से कटौती की जावेगी।

Archana 27/3/19

निदेशक

क्रमांकः–रालसा/स्टोर/एफ 9/2019/6918-6922 दिनांकः– 27/03/2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।
2. नोटिस बोर्ड राज. उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ, जयपुर।
3. SPPP पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
4. श्री रविन्द्र कुमार छीपी, प्रोग्रामर को प्राधिकरण के पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
5. निविदा में भाग लेने वाली फर्मो को प्रेषित।

उप सचिव (स्टोर प्रभारी)

Scanned by CamScanner